कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह उप संचालक कृषि, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./स्था./आत्मा/विज्ञा./सं.भर्ती/2018–19/ 482 कबीरधाम, दिनांक 02/01/2019

प्रति,

संचालक,
छत्तीसगढ़ संवाद
महिला पुलिस थाना चौक,
कालीबाड़ी, रायपुर (छ.ग.)

विषय :– एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजनांतर्गत रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने बाबत्।

–00–

विषयांतर्गत निवेदन है कि National Mission on Agricultural Extension & Technology (NMAET) की उप योजना Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित "सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन प्रोग्राम्स फॉर एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा)" योजनान्तर्गत रिक्त पदों पर संविदा भर्ती हेतु संलग्न विज्ञापन छत्तीसगढ़ प्रदेश के एक मुख्य दैनिक समाचार पत्र एवं रोजगार नियोजन में प्रकाशन कराते हुए देयक इस कार्यालय को भेजने का कष्ट करेंगे।

कार्यवाही कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला – कबीरधाम द्वारा अनुमोदित।

संलग्न :– विज्ञापन प्रारूप –1 सेट

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
कबीरधाम

पृ. क्र./स्था./आत्मा/विज्ञा./सं.भर्ती/2018–19/ 483 कबीरधाम, दिनांक 02/01/2019

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :–

1. संचालक कृषि, छ.ग. रायपुर,
2. कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला – कबीरधाम,
3. संभागीय संयुक्त संचालक कृषि, दुर्ग।
4. सहायक संचालक, जनसंपर्क, जिला – कबीरधाम को सूचनार्थ कृपया जिले के दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन करने का कष्ट करे।
5. ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारी (NIC), जिला – कबीरधाम की ओर प्रेषित कृपया जिले के वेब साईट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 तथा आधार अधिनियम 2016 अंतर्गत डाटा शेयरिंग के संबंध में जारी एक्ट का पालन किया गया है। **(संलग्न – सी.डी.)**

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
कबीरधाम

कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह उप संचालक कृषि, छ.ग. शासन, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

//विज्ञापन//

क्र./स्था./आत्मा/विज्ञा./सं.भर्ती/2018–19/ 481 कबीरधाम, दिनांक 02/01/2019

छ.ग. शासन, कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय, रायपुर का पत्र क्र. 1996/एफ–7–1/स्था./2011/14–2 रायपुर, दिनांक 27.05.2011, स्टेट नोडल अधिकारी (एक्स.रि.) सह संचालक कृषि, छ.ग. रायपुर का पत्र क्र./एक्स.रि./ATMA C-Staff/21–3/2015–16/530 रायपुर, दिनांक 06.02.2016 द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में National Mission on Agricultural Extension & Technology (NMAET) की उप योजना Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE) अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित "सपोर्ट टू स्टेट एक्सटेंशन प्रोग्राम्स फॉर एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा)" योजना अंतर्गत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर का विज्ञापन क्र./स्था./आत्मा/विज्ञा./स.भर्ती/2017–18/596 दिनांक 02.01.2018 को अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है। पदों की संख्या में वृद्धि करते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु निम्नांकित पदों की पूर्ति (संविदा) के लिए आवेदन पुनः दिनांक 31.01.2019 तक आमंत्रित किया जाता है। न्यूनतम योग्यताएं, अपेक्षाएं एवं अन्य विवरण प्रत्येक पद के सम्मुख दर्शित है :–

क्र.	संविदा पदों का नाम	पदों की संख्या	आरक्षण विवरण				शेक्षणिक अर्हताएँ एवं अनुभव	संविदा मासिक समेकित वेतन
			अनारक्षित	अ.ज.जा.	अ.जा.	अ.पि.व.		
1	ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर (विकासखण्ड स्तर पर)	3	2	0	1	0	मान्यता प्राप्त संस्था से कृषि/समवर्गीय (उद्यानिकी/पशुपालन/मछलीपालन) विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर, कम्प्यूटर दक्षता सहित, स्नातक होने पर तीन वर्ष एव स्नातकोत्तर होने पर दो वर्षो का कृषि संबंधी मैदानी कार्यो एवं गतिविधियों का कार्यानुभव	रू. 25000/–
2	असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर (विकासखण्ड स्तर पर)	5	3	0	1	1	मान्यता प्राप्त संस्था से कृषि/उद्यानिकी/कृषि अर्थशास्त्र/ मार्केटिंग/पशुपालन/मछलीपालन विषयों में स्नातक/स्नातकोत्तर, कृषि संबंधी मैदानी कार्यो एवं गतिविधियों का एक वर्ष का कार्यानुभव	रू. 15000/–

नियम एवं शर्ते :– **नियम व शर्तों को भली भांति अध्ययन करके ही आवेदन किया जावें।**

1. आयु 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष अधिक नहीं होना चाहिए।
2. यह पद पूर्णतः अस्थायी है। नियुक्ति अनुबंध 3 वर्ष के लिए किया जावेगा। उपरोक्त पदों पर होने वाला व्यय एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजना से परिपूर्ण योग्य होगा। योजना समाप्त होने पर यह पद स्वयंमेव समाप्त हो जावेंगे। किसी भी परिस्थिति में राज्य शासन द्वारा इन पदों का व्यय भार वहन नहीं किया जावेगा।
3. संविदा नियुक्ति हेतु जिला स्तर पर गठित चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।
4. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जावे।
5. आवेदन पत्र की प्रारूप कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह उप संचालक कृषि, जिला – कबीरधाम एवं जिले की वेबसाईट www.kawardha.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
6. आवेदन पत्र की जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2019 कार्यालयीन समय तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह उप संचालक कृषि, जिला – कबीरधाम को प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित तिथि एवं समय समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। सीधे आवेदन पत्र व कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्र मान्य नहीं किया जावेगा।

7. सेवा निवृत्त अधिकारी/कर्मचारी के लिए संविदा नियुक्ति के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा 70 वर्ष होगी तथा अन्य आवेदकों व आरक्षित वर्गो के आवेदकों के लिए शासन के नियमानुसार आयु सीमा लागू होगी।
8. विज्ञापित पद के अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में यह स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए, कि आवेदक संबंधित संस्था में कितने मासिक वेतन पर कब से कब तक कार्यरत रहा है।
9. रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र का क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करना तथा अभिप्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
10. आवेदन निर्धारित प्रपत्र में न होने/अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अमान्य कर दिया जावेगा।
11. जन्मतिथि के प्रमाण के लिए सामान्यतः हाई स्कूल, हायर सकेण्डरी, मैट्रिककुलेशन (पुराना कोर्स) परीक्षा के प्रमाण पत्र की अभिप्रमाणित/स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
12. अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा अभिप्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
13. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले तथा विज्ञापित पद के लिए निर्धारित अर्हता/शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र जमा करें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकेगी।
14. आवेदन के साथ 2 पासपोर्ट साईज का कलर फोटोग्राफ्स एवं 5 रूपये का डाक टिकट स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न करें।
15. उम्मीदवार लिफाफे के ऊपर विज्ञापित पद का नाम एवं अपनी श्रेणी (अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति) अवश्य लिखें।
16. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।
17. उपरोक्त विज्ञापन में दर्शाए गए पदों की संख्या में वृद्धि या कमी करने का एवं आवेदन पत्रों पर विचार करने/स्वीकार/अस्वीकार करने तथा नियुक्ति के संबंध में कलेक्टर सह अध्यक्ष गवर्निंग बोर्ड (आत्मा) जिला – कबीरधाम का निर्णय मान्य होगा।
18. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
19. आवेदक यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय /निगम/मंडल/संस्था में कार्यरत हो तो आवेदन की तिथि को अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
20. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम एवं शर्ते लागू होगी।
21. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन करें।
22. सेवा से त्याग पत्र देने की दशा में एक माह पूर्व सूचना देना होगा या एक माह का वेतन जमा करना होगा।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर (आत्मा) सह
उप संचालक कृषि
कबीरधाम